# ग्राम पंचायत ठेहड़, विकास खण्ड नूरपुर, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176211 के अवधि 01 / 04 / 2024 से 31 / 03 / 2025 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत ठेहड़, विकास खण्ड नूरपुर, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01 / 04 / 2024 से 31 / 03 / 2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधानः–

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती इन्दु वाला | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

सचिव :–

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुरिंदर सिंह | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती कमलेश कुमारी | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री गुरविंदर सिंह | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत ठेहड़ के अवधि 01 / 04 / 2024 से 31 / 03 / 2025 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर का समाधान न करना | 15.87 |
| 2 | 4.2 | स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा समेकित/संयुक्त (Consolidated) रोकड़ बही के अथशेषों में अंतर | 0.38 |
| 3 | 4.3 | निर्धारित सीमा से अधिक राशि नकद हस्तगत रखना | 0.55 |
| 4 | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 38.83 |
| 5 | 7 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.83 |
| 6 | 8 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.02 |
| 7 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.66 |
| 8 | 9.2 | खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 10.98 |
| 9 | 9.3 | स्त्रोत पर जी०एस०टी/टी०डी०एस०की कटौती न करने से सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि | 0.30 |
| 10 | 9.4 | अनुमोदित/न्यूनतम निविदा दर की तुलना में अधिक दर से भुगतान करने के फलस्वरूप अधिक भुगतान | 0.51 |
| 11 | 9.7 | पंचायत सदस्य को दोहरा भुगतान | 0.01 |
| 12 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे | 16.96 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कार्यवाही करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/260 दिनांक–22.04.2025 द्वारा अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 के अनिर्णीत पैरों पर कार्यवाही करते हुये केवल 4 पैरों की अनुपालना का सत्यापन करवाया गया तथा शेष बचे पैरों के निस्तारण हेतु किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। यह अति गम्भीर चूक है, जोकि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करती है। अतः प्राथमिकता के आधार पर गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों

के साथ–साथ वर्तमान अंकेक्षण में प्रारूपित अंकेक्षण आपतियों पर भी अनुपालना सुनिश्चित करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:–

**(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क की सत्यापना तथा मुख्यालय से पुष्टि करने उपरांत |
| 2. | 4,4.1 | निर्णीत | वित्तीय स्थिति व बैंक समाधान विवरणी में शून्य अंतर के दृष्टिगत |
| 3. | 5, 5.1 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 5.2 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 6 | अनिर्णीत | — |
| 6. | 7 | अनिर्णीत | — |
| 7. | 8 | अनिर्णीत | — |
| 8. | 9 | अनिर्णीत | — |
| 9. | 10 | अनिर्णीत | — |
| 10. | 11 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 11. | 12 | अनिर्णीत | — |
| 12. | 13 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 13 | 14 | अनिर्णीत | — |

## भाग–दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षण:–

ग्राम पंचायत ठेहड़ के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 28.06.2025 से 04.07.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की अधिकतम आय तथा पंचायत के अधिकतम व्यय के आधार पर किया गया:–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2024—25 | 08/2024 | 05/2024 |

**अस्वीकरण (Disclaimer)** :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

3. **अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4000/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या— राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/417(7) दिनांक—04.07.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2025/410(1) दिनांकः—28.06.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया हैः—

1.स्वः—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 1222564.48 | 1009338.00 | 2231902.48 | 1374691.00 | 857211.48 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 4113389.75 | 4155118 | 8268507.75 | 4385737 | 3882770.75 |

**कुल योग (1+2)** 857211.48+3882770.75=**4739982.23**

**(ख) बैंक समाधान विवरणीः–**

दिनांक 31.03.2025 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹47,39,982.23 तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट–3"** के अनुसार अन्तशेष ₹31,52,941.60 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | विवरण | बैंक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वयं सत्रोत / पांचवा वित्/ वी.के.वी.एन.वाई/ एस .डी.आर.एफ/एम.पी.लेड/ आर.जी.एस.ए/एस.डी.पी/पी. एस/जेड.पी | के. सी .सी. बैंक सदवां | 20069021499 | 949672.46 |
| 2 | टीएससी/एसबीएम | एच.डी.एफ.सी. बैंक जस्सुर | 50100663793471 | 1362 |
| 3 | वाटर शेड नंबर 17 | एच.जी बैंक सुल्याली | 87980100045990 | 27539 |
| 4 | ग्राम कोष | एच.जी बैंक सुल्याली | 87980400046978 | 451054 |
| 5 | 14वां वितायोग | के. सी .सी. बैंक सदवा | 50054974387 | 9000.14 |
| 6 | 15वां वितायोग/ जिला परिषद /पचायत समिति | आई.सी.आई.सी. .आई बैंक जस्सुर | 374401000219 | 1659777 |
| 7 | दिनांक 01.04.2024 व 31.03.2025 को हस्त गत शेष (स्वः स्रोत की ऑनलाइन रोकड़बही के अनुसार ) | | | 33490 |
| 8 | दिनांक 01.04.2024 व 31.03.2025 को हस्त गत शेष (14वां वितायोग की ऑनलाइन रोकड़बही के अनुसार ) | | | 21047 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2025 को कुल योगः– | | | | ₹3152941.60 |
| **दिनांक 31.03.2025 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹4739982.23 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2025 का अन्तशेषः– | | | | ₹3152941.60 |
| अन्तरः– | | | | 1587040.63 |

**नोटः–अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

4 **(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹15.87 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत ठेहड़ द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में

बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2025 को ऑनलाईन रोकड बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹15,87,040.63 का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 412(1) दिनांकः–30.06.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा आंकडो एवं तथ्यो की पुष्टि करने उपरांत स्पष्ट किया गया कि, रोकड़ बही / वित्तीय स्थिति व बैंक के अंत शेषो में उपरोक्त राशि का अंतर रोकड़ बही / वित्तीय स्थिति में अधिक पाया गया, जिसकी बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अन्तर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए

## (घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–

निदेशक, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान / निर्देश है।

सचिव ग्राम पंचायत ठेहड़ द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "3"** व बैंक खातो के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि स्वः स्रोत, पांचवा वित्त, वी.के.वी.एन.वाई,एस.डी.आर.एफ,एम.पी.लेड,एस.डी.पी,आर.जी.एस.ए व पी.एस/जेड.पी लिये संयुक्त खाता संख्या 20069021499 खोला गया था, जो कि पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता एवं नियमों / निर्देशों के विपरीत होने के कारण आपतिजनक है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 412(4) दिनांकः–30.06.2025 द्वारा आग्रह

किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, शीर्ष वाईज खातों का अनुसंधारण कर लिया जायेगा।

अतः आज दिन तक नियमानुसार स्कीम वाईज खातो का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशो अनुसार ही बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ड.) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2024–25 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरो से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | बिल सं0,मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वां वित | 4,5,6/01.05. 2024 | 75,78/20.04. 2024,मस्ट्रोल–निल/ 27828 | रख रखाव रास्ता/नाली अमर, प्रीतम,हुकम इत्यादि वार्ड 7 | 109516 |
| 2 | 15वां वित | 7/01.05. 2024 | मस्ट्रोल–निल / 021661 | निर्माण रास्ता प्रताप सिंह खोला ढलियाल वार्ड 6 | 9876 |
| 3 | 15वां वित | 11/01.05. 2024 | नरेगा अनुदान से प्राप्त सीमेंट | निर्माण बाबडी ठेहड़ वार्ड 5 | 17094 |
| 4 | 15वां वित | 12/01.05. 2024 | नरेगा अनुदान से प्राप्त सीमेंट | मुरम्मत बाबडी ठेहड़ वार्ड 5 | 12617 |
| 5 | 15वां वित | 09/01.05. 2024 | 0652879/ 11.09.2024 | निर्माण सामुदायिक शौचालय पंचायत घर वार्ड 5 | 21164 |
| 6 | 15वां वित | 10/01.05. 2024 | 0652879/ 11.09.2024 | निर्माण शौचालय रेम्प के साथ सीएससी ठेहड़ वार्ड 4 | 21571 |
| 7 | वीकेवी एनवाई | 02/04.05. 2024 | 0643308/ 27.08.2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार नजदीक संजीव कुमार इत्यादि घर वार्ड 6 | 19552 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व विभिन्न अनुदानो से प्राप्त की गई आय व उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त किये गए संकलित व्यय का भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों व व्यय की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/417(8) दिनांकः–04.07.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अंकेक्षण अवधि 24–25 की खाता बहियो को तैयार करके आगामी अंकेक्षण में सत्यापन हेतु प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 4.2 स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड बहियों तथा समेकित/संयुक्त (Consolidated) रोकड़ बही के अथशेषो में राशि ₹0.38 लाख का अंतर पाया जानाः–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 6(2) के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव लेन–देन की स्थिति को प्रदर्शित करने वाले लेखे तथा विवरणियां सही–सही तथा शीघ्रता से उपलब्ध करवाएगा।

ऑनलाईन रोकड़ बहियों के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **"परिशिष्ट–6"** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा समेकित/संयुक्त (Consolidated) रोकड़ बही के अथशेषो में दिनांक 01.04.2024 को राशि ₹37500/– का अंतर पाया गया। इस प्रकार से ग्राम पंचायत द्वारा ऑनलाईन रोकड़ बहियों का परस्पर मिलान न करना नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित ही नहीं, बल्कि आपतिजनक भी है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/412(3) दिनांकः–30.06.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा सूचित किया गया कि स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा समेकित/संयुक्त रोकड़ बही में उक्त राशि का अंतर पाया गया, जिस बारे अभिलेखों की जांच पडताल करने उपरांत आगामी अंकेक्षण में अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः उपरोक्त वर्णित अनियमितता का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए इस अन्तर का उचित समाधान किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य हेतु भी यह सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाईन माध्यम से रोकड़ बहियों का रख–रखाव उचित तरीके से किया जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 4.3 निर्धारित सीमा से अधिक राशि नकद हस्तगत रखनाः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 10(3) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा ₹1000/– तक की राशि ही इम्प्रेस्ट रूप में रखी जा सकती है।

सभा निधि व 14वां वितायोग की प्रस्तुत की गई आनलाईन रोकड़ बहियों के अंकेक्षण पर पाया गया कि पंचायत द्वारा सभी मासो के दौरान निम्नविवरणानुसार प्रावधित सीमा से अधिक नकद राशि को हस्तगत दर्शाया गया था, जो कि नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित व आपतिजनक है। निर्धारित राशि से अधिक राशि को रोकड़ बही में नकद के रूप में दर्शाना/पाया जाना, इसके दुर्विनियोजन की सम्भावना को परिलक्षित करता है। इसके अतिरिक्त इस राशि को बैंक में जमा न करवाने से इस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी ग्राम पंचायत को वंचित होना पड़ाः–

1.सभा निधिः–

| क्र.स. | रो॰ ब॰ पृ॰ | दिनाँक | सीमा से अधिक नकद रखी गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | निल | 02.04.2024 | 19403 |
| 2 | निल | 03.05.2024 | 19403 |
| 3 | निल | 11.06.2024 | 19603 |
| 4 | निल | 02.07.2024 | 19603 |
| 5 | निल | 20.08.2024 | 20274 |
| 6 | निल | 11.09.2024 | 20003 |
| 7 | निल | 10.10.2024 | 20003 |
| 8 | निल | 08.11.2024 | 20003 |
| 9 | निल | 16.12.2024 | 21475 |
| 10 | निल | 06.01.2025 | 21675 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | निल | 28.02.2025 | 19340 |
| 12 | निल | 03.03.2025 | 19340 |
| 13 | निल | 31.03.2025 | 33490 |

**2.14वां वित–**

| क्र.स. | रो॰ ब॰ पृ॰ | दिनाँक | सीमा से अधिक रखी गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | निल | 01.04.2024 | 21047 |
| 2 | निल | 31.03.2025 | 21047 |

**नोटः–सभी मासो के दौरान नकद शेष को दर्शाया गया। दिनांक 31.03.2025 को सभा निधि व 14वां वितायोग से कुल नकद शेष ₹54537/-**

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/412(5) दिनांकः–01.07.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभा निधि की आनलाईन रोकड़ बही में निर्धारित सीमा से अधिक नकद शेष को दर्शाया गया, जिसके सम्बन्ध में भविष्य में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। 14व वित की आनलाईन रोकड़ बही में भी निर्धारित सीमा से अधिक नकद शेष को दर्शाया गया, जिस बारे अभिलेखों की जांच पड़ताल करने उपरांत आगामी अंकेक्षण में अवगत करवा दिया जायेगा। प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कर कृत अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5 निवेश न करने बारेः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि, इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वर्तमान वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹13,53,777.48 से ₹9,49,672.46 तक की राशि शेष

थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/417(8) दिनांकः 04.07.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 151 दिनांक 04.07.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6 अनुदान की राशि ₹38.83 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियो को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/410(I) दिनांकः–28.06.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1** व **परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹38,82,770.75/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | वी.के.बी.एन.वाई | 31.03.2025 | 38559.00 |
| 2 | एस.डी.पी | 31.03.2025 | 69000.00 |
| 3 | एस.बी.एम | 31.03.2025 | 23550.00 |
| 4 | आई.ए.वाई | 31.03.2025 | 685450.00 |
| 5 | आई.डबल्यू.डी.पी | 31.03.2025 | 23031.00 |
| 6 | एन.आर.एच.एम | 31.03.2025 | 10000.00 |
| 7 | एम.पी.लेड | 31.03.2025 | 211706.00 |
| 8 | जी.आर.डी.वाई | 31.03.2025 | 25000.00 |
| 9 | 13वाँ वित्त | 31.03.2025 | 648160.00 |
| 10 | 14वाँ वित्त | 31.03.2025 | 93557.75 |
| 11 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2025 | 2054757.00 |
| | | **कुल जोड** | **3882770.75** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/412(2) दिनांक–30.06.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष/व्यय न की अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आय**

## 7 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.83/– लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2025/410(1) दिनांकः–28.06.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹83050/–** की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में बिना पर्याप्त कारणों के इतनी अधिक राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/412(6) दिनांकः–01.07.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरांत सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त बढ़ते बकाया पंचायत राजस्व का मामला पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक जॉच उपरान्त यथास्थिति नियमानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाने हेतु विशेष रूप से लाया जाता है।

**8 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.02/—लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः—**

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या—SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः—04.10.2016 के प्रावधानानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070—60—108—01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः—राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2025/410(1) दिनांकः—28.06.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत ठेहड़ द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान राशि ₹2200/— विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई,परन्तु प्राप्ति उपरांत इस राशि में से राशि ₹1800 को सभा निधि में जमा करवाया गया तथा शेष 400 को बैंक/सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया, जिससे कि सरकारी कोष को प्राप्त आय के दुर्विनियोजन की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/412(7) दिनांकः—01.07.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत ठेहड़ के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—151 दिनांकः—04.07.2025 द्वारा आंकडो व तथ्यों की पुष्टि करने उपरांत सूचित किया गया कि ,प्राप्त की गई विवाह पंजीकरण की राशि ₹1800 को सभा निधि में जमा करवाया गया। राशि ₹400 की वसूली करके व राशि ₹1800 सहित सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाई जानी

सुनिश्चित की जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरांत सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

### 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.66 लाख के स्टॉक का क्रय करना:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत ठेहड़ के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "9"** के अनुसार ₹65667/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

इस अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/417(I) दिनांकः–04.07.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामग्री क्रय की जाएगी। प्रस्तुत उतर अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2013 से 03/2016 के **पैरा संख्या 9** मे दर्ज अंकेक्षणापति के दृष्टिगत, तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षणावधि में इस प्रकार कृत समस्त व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बारम्बार दोहराई जाने वाली इस अनियमितता का प्रकरण पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाने हेतु विशेष रूप से लाया जाता है।

### 9.2 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹10.98/– लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व

माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक–02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि हेतु चयनित मास 05/2024 के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "8"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹1097533/– का अनियमित भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम ,प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/417(2) दिनांकः–04.07.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा आंकड़ो व तथ्यों की पुष्टि करने उपरांत सूचित किया गया कि उक्त राशि की क्रय की गई निर्माण सामग्री वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" व "W" प्राप्त किये बिना ही की गई व उक्त व्यय अनभिज्ञता में किया गया है, वर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है ,प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापत्ति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमो के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानो को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.3 स्त्रोत पर जी.एस.टी/टी.डी.एस. की कटौती करने हेतु अपेक्षित अभिलेख संधारित न करने के कारण राशि ₹0.30/- लाख के सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि:-**

हिमाचल प्रदेश आबकारी एवं कराधान विभाग पत्र संख्या 12-4/78-EXN-TAX-पार्ट–(278/25)-29056,दिनाक 29-09-18 के अनुसार किसी भी सरकारी विभाग /स्थानीय निकाय/सरकारी एजेंसी/बोर्ड और अन्य निकाय द्वारा संविदाकार/फर्म/आपूर्तिकर्ता को दिनांक 01-10-18 से गुड्स व सेवाओं और दोनों की आपूर्ति हेतु सिंगल अनुबंध के तहत व अन्तर्राज्यीय सप्लाई के लिये ₹2.5 लाख से अधिक की अदायगियों से @2%(1%SGST+1%CGST) की दर से GST/TDS काटने एवं उसे अगले माह की 10 तारीख तक सरकारी कोष में जमा करवाने का प्रावधान है।

नमूना अंकेक्षण व ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत "**परिशिष्ट -7** "अनुसार पाया गया कि 15 वा वित्त व नरेगा शीर्षो के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिये निम्नविवरणानुसार राशि की निर्माण सामग्री की प्राप्ति की गई थी, किन्तु उक्त नियम प्रावधानों के दृष्टिगत आपूर्तिकर्ताओं से स्त्रोत पर कर राशि **₹30213/-** की कटौती (जीएसटी/टीडीएस) नहीं की गई थी:-

| **क्रम स०** | **वौ०/दिनांक** | **कॉन्ट्रैक्टर/फर्म का नाम** | **परिशिष्ट के अनुसार भुगतान की गई राशि (₹)** | **स्त्रोत पर कर कटौती ( TDS) की राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **परिशिष्ट "7"** अनुसार (क्रम संख्या 1 से20) | मैसर्ज परशोतम सिंह खुबाडा नूरपुर | 1510649.58 or say 1510650 | 30213 |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/417(4) दिनांकः–04.07.2025 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत ठेहड़ को तथ्यों एवं आंकड़ो की पुष्टि करते हुए वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था। जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि की निर्माण सामग्री क्रय की गई, जिस पर जीएसटी/टी.डी.एस की निर्धारित राशि की कटौती नहीं की गई है, अतः इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः नियमानुसार जी.एस.टी / टी.डी.एस की कटौती न करने का पूर्ण औंचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा इस अनियमितता को उपरोक्त नियमानुसार ,समर्थित अभिलेखो सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से कर सम्बन्धित विभाग में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि अंकेक्षण अवधि हेतु ऐसे अन्य मामलों की संस्था स्तर पर जांच कर वस्तुस्थिति एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.4 अनुमोदित / न्यूनतम निविदा दर की तुलना में अधिक दर से भुगतान के फलस्वरूप ₹0.51 / – लाख का संदिग्ध / गलत भुगतान करना:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार यदि किसी बिल / वाउचर का वास्तविक भुगतान से अधिक भुगतान किया जाता है तो पंचायत सचिव व्यक्तिगत तौर पर तत्परता से अधिक किये गये भुगतान का वसूली करने का जिम्मेवार होगा।

नमूना अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा नरेगा अनुदान के अंतर्गत निर्माण कार्यों को करवाने हेतु निर्माण सामग्री का क्रय अनुमोदित / न्यूनतम निविदा दर से न करके, अधिक दर द्वारा करने से निम्नविवरणानुसार राशि ₹51155 / – का संदिग्ध / गलत भुगतान किया गया प्रतीत होता है, जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता के साथ–साथ आपतिजनक भी है:–

| अनुदान | वाउचर स0 / दिनांक / बिल स0 | आपूर्तिकर्ता | सामान का विवरण | अनुमादित / अपेक्षित दर से भुगतान (₹) | किया गया भुगतान (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | 01 / 13.05. 2024 / 14 | मै परषोतम सिंह खुबाडा नूरपुर | Shuttering(sq2ft) | 22344 (798@28) | 64255 (798@80.52) | 41911 |
| 2.मनरेगा | 03 / 13.05. 2024 / 17 | मै परषोतम सिंह खुबाडा नूरपुर | Shuttering(Unit not mentioned in Bill) | 4928 (176@28) | 14172 (176@80.52) | 9244 |
| | | | | | कुल | 51155 |

इस वितीय अनियमितता के दृष्टिगत किये गए भुगतान को उपरोक्त नियमानुसार वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0का / 2025 / 417(5) दिनांक:– 04.07.2025 के अंतर्गत पंचायत सचिव को सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–151 दिनांक:–04.07.2025 द्वारा आंकड़ो व तथ्यो की पुष्टि करने

उपरांत स्पष्ट किया गया कि, उक्त अनुदान के अंतर्गत अनुमोदित/न्यूनतम निविदा द्वारा उपरोक्त सामग्री क्रय न करके, अधिक दर द्वारा करने से उक्त राशि का अधिक भुगतान किया गया, जिसकी वसूली उचित स्त्रोत करने उपरांत सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः इस वित्तीय अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण व नियमानुसार वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अथवा इस अनियमितता को समर्थित अभिलेखो सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके सम्बन्धित शीर्ष के बैंक खातें में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए व यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में इस तरह की गलती की पुनरावृति न हो सुनिश्चित कर कृत अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9.5 नरेगा अनुदान के अंतर्गत करवाये गए निर्माण कार्य के लिये मजदूरी भुगतान करने हेतु गलत गणना द्वारा मूल्यांकित राशि से ₹1143/—का अधिक भुगतान करनाः—

वाउचर संख्या निल दिनांक 03,20.05.2024 के नमूना अंकेक्षण के दौरान ,निर्माण सुरक्षा दीवार देवी चन्द बन्टू इत्यादि खुबाडा वार्ड 2 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अवलोकन करने पर पाया गया कि माप पुस्तिका संख्या 42195 के पृष्ठ संख्या 46 व 47 में करवाये गये निर्माण कार्य के लिये, मजदूरी भुगतान करने हेतु, गलत गणना द्वारा वास्तविक मूल्याकिंत राशि से निम्नविवरणानुसार ₹1143/— का अधिक भुगतान किया गया था:—

| वास्तविक मूल्यांकित मात्रा/राशि (₹) | माप पुस्तिका में दर्शाई गई मात्रा/राशि (₹) | मस्ट्रोल संख्या/भुगतान की गई राशि(₹) | अंतर/ अधिक भुगतान की गई राशि(₹) |
|---|---|---|---|
| 1.Providing Formwork steel plates 15mm thick<br>P/L1:5:10 1x17.70x.60=10.62<br>1x17.70x.55x.120=11.68<br>Total = 22.3@432=9633.6<br>2.Providing Formwork steel<br>2x17.70x.1.20=42.48<br>42.48@11.20=475.77<br>3.Carriage of material by M/L<br>62.13@111.76=6943.64<br>4.Back fillin b/R/Wall<br>20.71m3@67.20=1391.71<br>**G.Total =18444.72** | 1.Providing Formwork steel plates 15mm thick<br>P/L1:5:10 1x17.70x.60=13.27<br>1x17.70x.55x.120=11.68<br>Total =24.95@432=10778<br>2.Providing Formwork steel<br>2x17.70x.1.20=42.48<br>42.48@11.20=475.77<br>3.Carriage of material by M/L<br>62.13@111.76=6943.64<br>4.Back fillin b/R/Wall<br>20.71m3@67.20=1391.71<br>**G.Total = 19589** | 229/19588 | 1143.28 or<br>1143 |

इस अनियमितता के दृष्टिगत किये गए भुगतान को नियमानुसार वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/417(8) दिनांकः–04.07.2025 के अंतर्गत पंचायत सचिव को सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–151 दिनांकः–04.07.2025 द्वारा आंकडो व तथ्यो की पुष्टि करने उपरांत स्पष्ट किया गया कि मजदूरी भुगतान करने हेतु मूल्याकिंत राशि से अधिक भुगतान किया गया, जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरांत सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः इस वितीय अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण नियमानुसार वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त सम्बन्धित शीर्ष के बैंक खातें में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 101(1)(सी) के अनुसार ही भुगतान करना सुनिश्चित कर कृत अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.6 अग्रिम भुगतान राशि ₹0.01/– लाख समायोजन हेतु शेष पाया जानाः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फॉर्म–9 में अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर तैयार करने उपरान्त किये गए अग्रिमों का वित्तीय वर्ष के अन्त तक समायोजन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपोरेशन को सीमेंट के क्रय हेतु निम्न विवरणानुसार राशि ₹1135/– का अग्रिम प्रदान किया गया है, लेकिन 31.03.2025 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं किया गया था व उसके समायोजन से सम्बन्धित अभिलेख को भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गयाः–

| क. स. | अनुदान | वाउचर/ दिनांक/बिल संख्या | आपूर्तिकर्ता | समग्री | मात्रा/ अग्रिम भुगतान (₹) | दर/ समायोजित राशि (₹) | असमा–योजित राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वां वित | 09/01.05.2024/0652879 | मै0 हि0 प्र0 राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन जस्सुर | सीमेंट बैग | 21164 | 20800 | 364 |
| 2 | 15वां वित | 10/01.05.2024/0652879 | मै0 हि0 प्र0 राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन जस्सुर | सीमेंट बैग | 21571 | 20800 | 771 |
| | | | | | कुल जोड | | **1135** |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/417(8) दिनांक:–04.07.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–151 दिनांक:– 04.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि हि0प्र0 सिविल सप्लाई जस्सूर को किये गये अग्रिम भुगतान के समायोजन बारे सिविल सप्लाई से पत्राचार करने उपरान्त व समायोजन अभिलेख तैयार करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरर्पोरेशन को की गई अग्रिम भुगतान राशि का समायोजन करना सुनिश्चित कर नियमानुसार अग्रिम समायोजन रजिस्टर को भी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये। पूर्वोक्त मामलो के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में की गई अग्रिम भुगतान राशि की संस्था/विभागीय स्तर पर समुचित गणना कर उसके समायोजन से सम्बन्धित आवश्यक अभिलेखों को भी तैयार करने उपरांत कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9.7 पंचायत सदस्य को मस्ट्रोल तथा मीटिंग का दोहरा भुगतान करने बारे :–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार यदि किसी बिल/वाउचर का वास्तविक भुगतान से अधिक भुगतान किया जाता है तो पंचायत सचिव व्यक्तिगत तौर पर तत्परता से अधिक किये गये भुगतान का वसूली करने का जिम्मेवार होगा तथा अतिरिक्त निदेशक, पंचायती राज विभाग, हि0प्र0 के पत्र संख्या पीसीएच(1)5/2008–11–Instractions-67441-532 दिनांक 05.11.19 के अन्तर्गत पंचायत पदाधिकारियों द्वारा मस्ट्रोल व पंचायत बैठक में दोहरी उपस्थिति दर्ज करने सम्बन्धी दिशा–निर्देशों की अनुपालना की जानी अपेक्षित है।

चयनित माह 05/2024 के मनरेगा व्यय वाउचरो के अंकेक्षण पर पाया गया कि पंचायत सदस्य को निम्न विवरणानुसार मस्ट्रोल तथा मीटिंग का दोहरा भुगतान किया गया था:–

| क्र0सं0 | पंचायत सदस्य | मीटिंग/मस्ट्रोल दिनांक जिसका भुगतान किया गया | मस्ट्रोल संख्या | वसूली योग्य राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नसीब सिंह | 07.05.2024 | 507 | 750 |

इस वित्तीय अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/417(8) दिनांक:– 04.07.2025 के अंतर्गत पंचायत सचिव को सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–151 दिनांक:–04.07.2025 द्वारा आंकडो व तथ्यो की पुष्टि करने उपरांत स्पष्ट किया गया कि पंचायत सदस्य वार्ड 2

को पंचायत बैठक व मस्ट्रोल दिहाड़ी दिनांक 07.05.2025 का दोहरा भुगतान किया गया, जिसकी वसूली राशि ₹750 उचित स्त्रोत से करने उपरांत सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

